# *भारत का विदेश व्यापार: 2008-09 (अप्रैल 2008 - जनवरी 2009)**

वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइएंडएस) ने हाल ही में भारत के पण्य व्यापार संबंधी अप्रैल 2008 - जनवरी 2009 के अनंतिम आंकड़े और अप्रैल- नवंबर 2008 का पण्यवार ब्योरा जारी किया है। इस लेख में भारत के पण्य व्यापार की समीक्षा इन आंकड़ों के आधार पर की गई है।

## मुख्य -मुख्य बातें

- जनवरी 2009 में 12.4 बिलियन अमरीकी डॉलर पर भारत के पण्य निर्यात में जनवरी 2008 के 34.9 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 15.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अक्तूबर 2008 से निर्यात में गिरावट जारी रहने के कारण अप्रैल 2008 - जनवरी 2009 के दौरान 143.0 बिलियन अमरीकी डॉलर के समग्र निर्यात ने एक वर्ष पूर्व के 24.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 12.4 प्रतिशत की कम वृद्धि दर्ज की जिसका प्रमुख कारण वस्त्र और वस्त्र उत्पादों, रत्न और आभूषण, चमड़ा उत्पाद और कृषि तथा कृषि से संबंधित उत्पादों और लोहा तथा इस्पात और खनिज के निर्यात में आई गिरावट है।
- जनवरी 2009 के दौरान 18.5 बिलियन अमरीकी डॉलर का आयात हुआ, जो जनवरी 2008 में हुई 64.0 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 2008-09 के चालू वर्ष दौरान पहली बार 18.2 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। इसका प्रमुख कारण तेल आयात में आई भारी गिरावट है। लेकिन, अप्रैल 2008-जनवरी 2009 के दौरान 241.5 बिलियन अमरीकी डॉलर के समग्र आयात में, तेल तथा तेल से इतर दोनों आयात में आई गिरावट के कारण, एक वर्ष पूर्व की उसी अवधि (31.0 प्रतिशत) की तुलना में 24.5 प्रतिशत की कम वृद्धि दर्ज की गई।
- अप्रैल 2008-जनवरी 2009 के दौरान 82.1 बिलियन अमरीकी डॉलर पर पेट्रोलियम, तेल और

* यह लेख अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभाग, आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक में तैयार किया गया है। इस लेख के पिछला अंक मार्च 2009 के रिज़र्व बैंक बुलेटिन में प्रकाशित किया गया है।

चिकनाई के आयात में 30.6 प्रतिशत की वृद्धि (अप्रैल 2007-जनवरी 2008 में 32.0 प्रतिशत) बनाए रखी गई। लेकिन, अप्रैल 2008 - जनवरी 2009 के दौरान भारतीय बास्केट के कच्चे तेल का औसत मूल्य अप्रैल 2008 -जनवरी 2009 के 76.0 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल की तुलना में 90.8 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल पर उच्चतर रहा। इसका कारण अप्रैल-अगस्त 2008 के दौरान कच्चे तेल के उच्च अंतरराष्ट्रीय कीमतों का प्रभाव है।


- अप्रैल 2008-जनवरी 2009 के दौरान 159.4 बिलियन अमरीकी डॉलर पर तेल से इतर आयात एक वर्ष पूर्व के 30.4 प्रतिशत से गिरकर 21.5 प्रतिशत हो गया। इसका प्रमुख कारण सोना तथा चांदी, इलेक्ट्रॉनिक माल के आयात में आई गिरावट और यातायात उपस्कारों के आयात में आई मंदी है।
- अप्रैल 2008-जनवरी 2009 के दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 98.5 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया, जो अप्रैल 2007-जनवरी 2008 के 66.8 बिलियन अमरीकी डॉलर के व्यापार घाटे की तुलना में 31.7 बिलियन अमरीकी डॉलर (47.4 प्रतिशत) अधिक था।

## 2008-09 (अप्रैल 2008-जनवरी 2009) के दौरान भारत का पण्य व्यापार

### निर्यात

भारत के पण्य निर्यात में, अप्रैल-अगस्त 2008 के दौरान 35.3 प्रतिशत की निरंतर वृद्धि दर्ज किए जाने के बाद, वैश्विक वित्तीय उथल-पुथल और आर्थिक मंदी के कारण चालू वर्ष में बाद के सभी महीनों में अब तक(अक्तूबर में -12.1 प्रतिशत), (नवंबर में -9.9 प्रतिशत), (दिसंबर में -1.1 प्रतिशत) और ( जनवरी 2009 में -15.9 प्रतिशत) में गिरावट दर्ज की गई (चार्ट 1)। परिणामस्वरु प, अप्रैल 2008 -जनवरी 2009 के दौरान 143 बिलियन अमरीकी डॉलर के समग्र निर्यात में पिछले वर्ष की उसी अवधि के 24.1 प्रतिशत की तुलना में 12.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई (सारणी 1)। वस्त्र, रत्न तथा आभूषण, कृषि तथा संबंद्ध उत्पाद, अयस्क तथा खनिज और चमड़ा उत्पाद जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों के निर्यात

**चार्ट 1: निर्यात, आयात और व्यापार संतुलन**



**सारणी 1: भारत का वणिक व्यापार: अप्रैल 2008 - जनवरी 2009**

(बिलियन अमरीकी डॉलर)

| मदें | 2007-08 सं | 2008-09 अ |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| **निर्यात** | 127.3 (24.1) | 143.0 (12.4) |
| तेल निर्यात | 21.9 (39.1) | 21.6 * (25.3) * |
| तेल से इतर निर्यात | 105.4 (21.3) | 96.7 * (16.0) * |
| **आयात** | 194.1 (30.9) | 241.5 (24.4) |
| तेल आयात | 62.9 (31.9) | 82.1 (30.6) |
| तेल से इतर आयात | 131.2 (30.4) | 159.4 (21.5) |
| व्यापार संतुलन | -66.8 | -98.5 |
| तेल व्यापार संतुलन | -40.9 | -54.0 * |
| तेल से इतर व्यापार संतुलन | -25.9 | -36.4 * |

* : आंकड़े अप्रैल-नवंबर से संबंधित हैं।

अः अनंतिम। सं.: संशोधित।

**टिप्पणी** : कोष्ठकों के आंकड़े पिछली वर्ष की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन दर्शाते हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से संकलित।

**सारणी 2: भारत से मुख्य वस्तुओं का निर्यात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| पण्य | 2006-07 | 2007-08 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल - नवंबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **15.6** | **16.9** | **15.1** | **14.9** |
| कृषि तथा संबंद्ध उत्पाद | 10.0 | 11.3 | 10.1 | 10.6 |
| अयस्क और खनिज | 5.5 | 5.6 | 5.0 | 4.3 |
| **II. विनिर्मित वस्तुएं** | **67.2** | **63.2** | **65.1** | **64.7** |
| चमड़ा और चमड़े के उत्पाद | 2.4 | 2.2 | 2.3 | 2.1 |
| रसायन और संबद्ध उत्पाद | 13.7 | 13.0 | 13.1 | 13.2 |
| इंजीनियरिंग माल | 23.4 | 22.9 | 22.9 | 25.9 |
| वस्त्र और वस्त्र उत्पाद | 13.7 | 11.9 | 12.4 | 10.9 |
| रत्न एवं आभूषण | 12.6 | 12.1 | 13.2 | 11.6 |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **14.8** | **17.4** | **17.1** | **18.3** |
| **IV. अन्य** | **2.4** | **2.5** | **2.7** | **2.2** |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोतः** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से संकलित।

में, मुख्यतः विकसित क्षेत्रों, नामतः ईयू और यूस में मांग में आई कमी के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइएंडएस) द्वारा अप्रैल-नवंबर 2008 के लिए जारी भारत के ब्यौरेवार पण्य-वार निर्यात आंकड़े यह दर्शाते हैं कि निर्यात में इंजीनियरिंग माल तथा पेट्रोलियम उत्पादों का हिस्सा सर्वाधिक रहा; जबकि अयस्क और खनिज, चमड़ा और चमड़े के उत्पाद, वस्त्र और वस्त्र उत्पाद तथा रत्न और आभूषणों का हिस्सा कम हुआ (सारणी 2)। क्षेत्र-वार, 64.7 प्रतिशत के साथ विनिर्मित माल का सर्वाधिक हिस्सा बना रहा, जिसके बाद पेट्रोलियम उत्पाद (18.3 प्रतिशत) और प्राथमिक उत्पाद (14.9 प्रतिशत) थे।

अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान 17.6 बिलियन अमरीकी डॉलर पर प्राथमिक उत्पादों का निर्यात एक वर्ष पूर्व के उसी अवधि के 31.8 प्रतिशत से गिरकर 16.1 प्रतिशत हो गया। प्राथमिक उत्पादों में कृषि और कृषि से संबंधित उत्पादों (35.5 प्रतिशत से 23.4 प्रतिशत) और अयस्क तथा खनिज (24.8 प्रतिशत से 1.2 प्रतिशत) में वृद्धि में गिरावट दर्ज की गई। अन्य कृषि और कृषि से संबंधित उत्पादों में जहां चाय, कॉफी, खली, तंबाकू और काजू में वृद्धि की गति बनी रही, वहीं दूसरी ओर चावल, मसाले, चीनी और शीरा और समुद्री उत्पादों के निर्यात में गिरावट/कमी बनी रही।

अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान 76.5 बिलियन अमरीकी डॉलर पर विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात में हुई वृद्धि एक वर्ष पूर्व के 20.5 प्रतिशत से गिरकर 16.9 प्रतिशत रह गई। विनिर्मित वस्तुओं में इंजीनियरिंग माल को छोड़कर अन्य प्रमुख वस्तुएं नामतः रसायन और संबंधित उत्पादों में तीव्र वृद्धि दर्ज की गई, जबकि वस्त्र और वस्त्र उत्पादों, चमड़ा और चमड़े के उत्पाद तथा रत्न एवं आभूषण के निर्यात में गिरावट आई।

अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान 30.5 बिलियन अमरीकी डॉलर पर इंजीनियरिंग वस्तुओं, जिसका भारत के कुल निर्यात में हिस्सा लगभग एक चौथाई था, के निर्यात में एक वर्ष पूर्व की 23.8 प्रतिशत की वृद्धि के ऊपर 32.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें परिवहन उपकरणों,लोहा तथा इस्पात और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का प्रमुख हिस्सा रहा। मजबूत निर्यात कार्यनिष्पादन, विशेषतः अप्रैल-सितंबर 2008 में, के कारण परिवहन उपकरणों का सिंगापुर, यूएस और यूके जैसे प्रमुख बाजारों में काफी बढ़ गया।

अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान 15.6 बिलियन अमरीकी डॉलर पर रसायन और संबंधित उत्पादों के निर्यात में लगभग पिछले वर्ष के बराबर (18.5 प्रतिशत) वृद्धि दर्ज की गई। इसमें मूल रसायन, और फार्मास्यूटिकल उत्पादों का हिस्सा प्रमुख रहा, जबकि रबड़, कांच और पेंट के निर्यात में गिरावट आ गई।

अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान 12.9 बिलियन अमरीकी डॉलर पर वस्त्र और वस्त्र उत्पादों का निर्यात (एक वर्ष पूर्व 11.4 प्रतिशत) तीव्रता से गिरकर 3.6 प्रतिशत हो गया। तैयार कपड़े सहित सभी प्रमुख घटकों, जिनका वस्त्र और वस्त्र उत्पादों के निर्यात में हिस्सा लगभग 50 प्रतिशत था, की निर्यात वृद्धि में गिरावट आ गई।

अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान 13.7 बिलियन अमरीकी डॉलर पर रत्न एवं आभूषण का निर्यात एक वर्ष पूर्व के 28.0 प्रतिशत से तेजी से गिरकर 3.0 प्रतिशत रह गया, जो भारत से हांगकांग, यूएस और संयुक्त अरब अमीरात जैसे प्रमुख बाजारों को हो रहे रत्न एवं आभूषण के निर्यात में आई मंदी को प्रतिबिंबित करता है। हीरा उद्योग में आई कठिनाइयों को दूर करने के लिए हाल ही में एक कार्यदल का गठन किया गया है (बॉक्स)।

अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान 21.6 बिलियन अमरीकी डॉलर पर पेट्रोलियम उत्पाद, जो भारत के कुल निर्यात में दूसरा प्रमुख घटक था, में निर्यात वृद्धि एक वर्ष पूर्व के 34.4 प्रतिशत से गिरक र 25.3 प्रतिशत रह गई।

गंतव्य-वार, अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान, भारत के निर्यात में विकासशील देशों का प्रतिशत 39.9 रहा। उसके बाद आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देशों (38.2 प्रतिशत) और ओपेक (20.0 प्रतिशत) का स्थान था। पिछले वर्ष के हिस्से (13.6 प्रतिशत) में गिरावट आने के बावजूद 11.9 प्रतिशत के हिस्से के साथ यूएस भारत से निर्यात का एकमात्र बड़ा आयातक बना रहा (सारणी 3)। भारत के निर्यात के अन्य प्रमुख बाजारों में संयुक्त अरब अमीरात (11.2 प्रतिशत), सिंगापुर (5.1 प्रतिशत), चीन (4.4 प्रतिशत) और हांगकांग (3.8 प्रतिशत) रहे।

## आयात

अप्रैल-सितंबर 2008 के दौरान भारत के पण्य के आयात में 44.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और उसके बाद उसमें गिरावट आ गई वैश्विक आर्थिक संकट के कारण जो औद्योगिक गतिविधियों में आई मंदी को प्रतिबिंबित करती है। अप्रैल 2008-जनवरी 2009 के दौरान 241.5 बिलियन अमरीकी डॉलर पर समग्र आयात में एक वर्ष पूर्व के 30.9 प्रतिशत की तुलना में 24.4 प्रतिशत की कम वृद्धि दर्ज की गई। लेकिन, अप्रैल 2008-जनवरी 2009 के दौरान 82.1 बिलियन अमरीकी डॉलर पर पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई (पीओएल) के आयात में 30.6 प्रतिशत की मोटे तौर पर उसी प्रकार की वृद्धि (एक वर्ष पूर्व 30.9 प्रतिशत) दर्ज की गई, जो चालू राजकोषीय वर्ष की पहली छमाही में कच्चे तेल की उँची कीमतों को प्रतिबिंबित करता है। अप्रैल 2008 -जनवरी 2009 के दौरान भारतीय बास्केट के कच्चे तेल का औसत मूल्य 90.8 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल रहा (41.2 अमरीकी डॉलर और 132.2 अमरीकी डॉलर

## बॉक्स : हीरा क्षेत्र के लिए कार्यदल की रिपोर्ट

11 फरवरी 2009 को रिज़र्व बैंक के गवर्नर की गुजरात राज्य के मा. वित्तमंत्री और सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों तथा बैंकों के साथ हुई बैंठक में किए गए विचार-विमर्श के अनुसार, समस्या से घिरे गुजरात के हीरा उद्योग के संकट की जांच करने तथा उसकी कठिनाइयों को कम करने के लिए व्यावहारिक सिफारिश करने के लिए एक कार्यदत की स्थापना की गई है। इस कार्यदल में राज्य सरकार के प्रतिनिधि, राज्य स्तरीय बैंकर समिति के संयोजक, अन्य बैंक और सीडबी शामिल हैं।

इस कार्यदल की विषय-वस्तु में निम्नलिखित शामिल हैः- (क) पंजीकृत हीरा क्षेत्र की इकाइयों के उधार खातों की वित्तीय पुनःसंरचना के लिए वर्तमान बैंकिंग सुविधाओं की व्याप्ति का अध्ययन करना और बेरोजगार श्रमिकों को रोजगार का अवसर उपलब्ध करने के लिए नए उद्यमों को ऋण सहायता प्रदान करने हेतु उपयुक्त पैकेज तैयार करना ; (ख)बेरोजगार हुए हीरा उद्योग के श्रमिकों को फायदेमंद रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकारी ठांचे की सहायता से उनकेपुनर्वसन, पुनःप्रशिक्षण और पुनःकुशलता निर्माण की संभावना की जांच करना; और (ग) बेरोजगार श्रमिकों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए वर्तमान मानदंडों के भीतर बैंकिंग प्रणाली से व्यक्तिगत / उपभोक्ता ऋण के माध्यम से कुछ राहत प्रदान करने पर विचार करना।

कार्यदल की प्रमुख सिफारिशें निम्नानुसार हैंः-

**1. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार वर्तमान उधार खातों की तत्काल पुनःसंरचना करना।**

- इस बात की आवश्यकता है कि इस जानकारी को उद्योग के सभी उधारकर्ताओं में प्रसारित किया जाए ताकि सभी उधारकर्ता इसका अधिक से अधिक लाभ ले सकें। भारतीय रिज़र्व बैंक, अहमदाबाद कार्यालय ने, इस दिशा में पहले कदम के रूप में गुजरात सरकार से यह अनुरोध किया कि वे उधारकर्ता / व्यापार संघों को इस बात से अवगत कराने के लिए कि उधारखातों में उचित पुनर्विन्यास लाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी नीतिगत दिशा-निर्देशों में छुट दी गई है, बैंकरों के सहयोग से कार्यशाला, संगोष्ठी आदि का आयोजन करें।
- हीरा व्यापारियों ने बैंकों से अनुरोध किया कि चलनिधि संकट से छुटकारा दिलाने के लिए बैंक उनकी इन्वेंटरी में रखे तराशे हुए हीरों के स्टँक पर ऋण उपलब्ध कराएं, बशर्ते उसका प्रमाणित मूल्यांकनकर्ता द्वारा सही मूल्यांकन किया गया हो। बैंक उद्योगों को चलनिधि सहायता बढ़ाने की दृष्टि से इसकी जांच करंगे।
- कार्यदल ने निर्यात ऋण पर ब्याज दर सहायता चालू 2 प्रतिशत बजाय 4 प्रतिशत करने के बारे में हीरा व्यापारियों द्वारा किए गए अनुरोध की सिफारिश की है।
- बैंक, दिशा-निर्देशों के अनुसार, विस्थापित श्रमिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए हीरा क्षेत्र के नए उद्यमों को ऋण समर्थन के प्रस्ताव पर भी विचार करें।
- बैंक प्रतिष्ठित एजेंसियों से श्रम-प्रधान स्तर पर कटिंग और पालिशिंग के लिए कच्चे हिंरों की खरीद, के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की संभावनाओं को भी तलाशें।

**2. हीरा क्षेत्र के विस्थापित श्रमिकों को पुनःप्रशिक्षण देना, उन्हें पुनःकुशल बनाना और उनका पुनर्वास करना।**

- हीरा क्षेत्र के विस्थापित श्रमिकों को रोजगार के वैकल्पिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्यदल ने यह सुझाव दिया है कि स्थानीय जिला स्तर पर उनके लिए एक उचित प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया जाए। इस प्रशिक्षण के आयोजन के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता सरकार द्वारा दी जाए।
- जिला प्राधिकरण, वैकल्पिक काम के लिए जहां आवश्यक हो, एक बार की व्यवस्था के तौर पर सरकार की विविध सरकारी योजनाओं के अंतर्गत मानदण्ड में अनुकुल उचित वित्तीय सहायता / ऋण के लिए पात्र सभी श्रमिकों की तुरंत पहचान कर उन्हें प्रायोजित करें।

**3. हीरा श्रमिकों के लिए वित्तीय राहत के उपाय**

- नौकरी / काम चले जाने से उत्पन्न हुए संकट को दूर करने हेतु हीरा क्षेत्र के श्रमिकों की सहायता करने की दृष्टि से चुकौती के लंबे चक्र वाले आसान ऋणों पर विचार करना होगा, जो उनके मालिक द्वारा उनकी पहचान के आधार पर होगा। हीरा क्षेत्र की इकाइयों को ऐसे श्रमिकों को बैंकिंग प्रणाली को प्रायोजित करना होगा।
- बैंक हीरा श्रमिकों के वर्तमान आवास, शैक्षिक और व्यक्तिगत ऋण का पुनर्निर्धारण पर मामला-दर-मामला आधार पर विचार करें।
- हीरा क्षेत्र के विस्थापित श्रमिकों के बच्चों के विद्यालय के शुल्क के भुगतान में मदद के लिए, हीरा उद्योग, स्थानीय उद्योग संघ और मानव-प्रेमियों के अंशदान से, जिला प्रशासन की पहल पर एक शैक्षिक निधि गठित की जाए।
- श्रमिकों की वित्तीय कठिनाइयों को दूर करने के लिए सभी पणधारियों के प्रिमियम अंशदान के साथ एक समूह बचत और बीमा योजना तैयार की जाए।
- इस क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए मानदंडों में छुट के साथ, अल्प मौद्रिक सीमाओं वाले सामान्य क्रेड़िट कार्ड (जीसीसी) पर विचार किया जाए।

*स्रोतः हीरा क्षेत्र के लिए कार्यदल का रिपोर्ट, भारतीय रिज़र्व बैंक, www.rbi.org.in पर भी उपलब्ध है।*

**सारणी: 3 भारत का प्रमुख क्षेत्रों को निर्यात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| क्षेत्र | 2006-07 | 2007-08 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल - नवंबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **41.2** | **38.5** | **40.7** | **38.2** |
| यूरोपीय संघ | 20.4 | 20.2 | 21.7 | 21.5 |
| उत्तर अमरीका | 15.8 | 13.5 | 14.4 | 12.6 |
| यू.एस. | 14.9 | 12.7 | 13.6 | 11.9 |
| एशिया और ओशेनिया | 3.4 | 3.2 | 3.0 | 2.6 |
| आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश | 1.6 | 1.6 | 1.6 | 1.5 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यात देशों का संगठन** | **16.4** | **16.4** | **17.1** | **20.0** |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **2.0** | **2.1** | **1.1** | **1.2** |
| **IV. विकासशील देश** | **40.2** | **42.7** | **40.7** | **39.9** |
| एशिया | 29.8 | 31.6 | 29.8 | 29.0 |
| दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (सार्क) | 5.1 | 5.9 | 5.3 | 5.1 |
| एशिया के अन्य विकासशील देश | 24.6 | 25.7 | 24.6 | 23.9 |
| अफ्रीका | 7.0 | 7.7 | 7.7 | 7.1 |
| लैटिन अमेरीकी देश | 3.4 | 3.4 | 3.2 | 3.8 |
| **V. अन्य / अविनिर्दिष्ट** | **0.3** | **0.4** | **0.3** | **0.7** |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार।

प्रति बैरल के दायरे में), जो अप्रैल 2007-जनवरी 2008 के 76.0 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल (65.2 अमरीकी डॉलर और 89.0 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल के दायरे में) की तुलना में 19.5 प्रतिशत अधिक था (सारणी 4)। अप्रैल 2008-जनवरी 2009 के दौरान तेल से इतर आयात एक वर्ष पूर्व के 30.4 प्रतिशत से गिरकर 21.5 प्रतिशत हो गया।

अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान आयात के पण्यवार आंकड़े यह दर्शाते हैं कि पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई (पीओएल) के आयात में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय मूल्य उच्च रहने के कारण 58.8 प्रतिशत की वृद्धि (एक वर्ष पूर्व के 20.8 प्रतिशत) दर्ज की गई। जबकि पीओएल की मात्रा में गिरावट आई। अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई (पीओएल) के आयात की मात्रा में पिछली वर्ष की उसी अवधि की 20.0 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 10.2 प्रतिशत की गिरावट आ गई।

**सारणी 4: कच्चे तेल की कीमतों की प्रवृत्तियाँ**

(अमरीकी डॉलर/बैरल)

| वर्ष | दुबई | यूके ब्रैट | डब्ल्यू टीआइ* | भारतीय बास्केट** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2000-01 | 25.9 | 28.1 | 30.3 | 26.8 |
| 2001-02 | 21.8 | 23.2 | 24.1 | 22.4 |
| 2002-03 | 25.9 | 27.6 | 29.2 | 26.6 |
| 2003-04 | 26.9 | 29.0 | 31.4 | 27.8 |
| 2004-05 | 36.4 | 42.2 | 45.0 | 39.2 |
| 2005-06 | 53.4 | 58.0 | 59.9 | 55.7 |
| 2006-07 | 60.9 | 64.4 | 64.7 | 62.4 |
| 2007-08 | 77.3 | 82.4 | 82.3 | 79.5 |
| अप्रैल-जनवरी 2007 | 74.1 | 79.0 | 78.6 | 76.0 |
| अप्रैल-जनवरी 2008 | 89.6 | 92.7 | 94.2 | 90.8 |
| जनवरी 2007 | 85.8 | 91.5 | 91.4 | 89.5 |
| जनवरी 2008 | 44.9 | 44.9 | 41.7 | 43.9 |

* : पश्चिमी टेक्सास मध्यवर्ती।

** : 2008-09 के लिए कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का संयोजन साउअ (sour) ग्रेड के लिए ओमान और दुबई और स्वीट ग्रेड के लिए ब्रैट (दिनांकत) 62.3:37.7 अनुपात दर्शाता है।

**स्रोत :** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी, विश्व बैंक पण्य।

पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई (पीओएल) से इतर आयात की वृद्धि में गिरावट आ गई (32.2 प्रतिशत से 25.6 प्रतिशत तक), जिसका प्रमुख कारण पूंजीगत माल और सोना तथा चांदी और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के आयात में आई गिरावट है (विवरण 5)। प्रतिशत की दृष्टि से देखा जाए तो पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई (पीओएल) का हिस्सा 31.0 प्रतिशत से बढ़कर 36.2 प्रतिशत हो गया, जबकि पूंजीगत माल और सोना तथा चांदी के हिस्से में गिरावट आ गई (सारणी 5)।

स्रोत-वार, अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान भारत आयात के आयात में सर्वाधिक हिस्सा 'ओपेक' (35.6 प्रतिशत) था तथा उसके बाद विकासशील देशों (31.4 प्रतिशत) और आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश (30.2 प्रतिशत) का स्थान था। कुल आयात में 10.0 प्रतिशत के हिस्से के साथ चीन आयात का अकेला

**सारणी 5: प्रमुख पण्यों का आयात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| पण्य | 2006-07 | 2007-08 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| | (अप्रैल-मार्च) | | (अप्रैल - नवंबर) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. पेट्रोलियम, कच्चा तेल और उत्पाद | 30.8 | 31.7 | 31.0 | 36.2 |
| 2. पूंजीगत माल | 25.3 | 28.2 | 23.8 | 19.5 |
| 3. सोना और चांदी | 7.9 | 7.1 | 8.9 | 6.2 |
| 4. कार्बनिक तथा अकार्बनिक रसायन | 4.2 | 3.9 | 4.3 | 4.5 |
| 5. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 2.5 | 2.6 | 2.6 | 3.6 |
| 6. उर्वरक | 1.7 | 2.2 | 2.3 | 5.4 |
| 7. धातु अयस्क, धातु स्क्रैप आदि | 4.5 | 3.1 | 3.4 | 2.8 |
| 8. लोहा और इस्पात | 3.5 | 3.5 | 3.8 | 3.3 |
| 9. मोती, मूल्यवान तथा कम मूल्यवान रत्न | 4.0 | 3.2 | 4.0 | 5.1 |
| 10. अन्य | 19.6 | 18.7 | 21.3 | 18.4 |
| **कुल आयात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

सबसे बड़ा स्रोत बना रहा, जिसके बाद सऊदी अरब (7.7 प्रतिशत), संयुक्त अरब अमीरात (6.5 प्रतिशत), यूएस (5.9 प्रतिशत), ईरान (4.6 प्रतिशत) और स्विटजरलैंड (4.2 प्रतिशत) का स्थान था।

## व्यापार घाटा

अप्रैल 2008-जनवरी 2009 के दौरान 98.5 बिलियन अमरीकी डॉलर का समग्र व्यापार घाटा अप्रैल 2007-जनवरी 2008 के 66.8 बिलियन अमरीकी डॉलर के व्यापार घाटा की तुलना में 31.7 बिलियन अमरीकी डॉलर (47.4 प्रतिशत) से अधिक था। अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान तेल खाते पर व्यापार घाटा 54.0 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया जो एक वर्ष पूर्व के 30.4 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में 23.6 बिलियन अमरीकी डॉलर (77.8 प्रतिशत) अधिक था। इसी दौरान 36.4 बिलियन अमरीकी डॉलर पर तेल से इतर व्यापार घाटा एक वर्ष पूर्व के 22.5 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में 13.8 बिलियन अमरीकी डॉलर (61.4 प्रतिशत) अधिक था।

**सारणी 6: भारत के आयात में देश समूहों / देशों का हिस्सा**

(प्रतिशत हिस्सा)

| समूह/देश | 2006-07 | 2007-08 | 2007-08 | 2008-09 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल - नवंबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **34.5** | **34.8** | **33.8** | **30.2** |
| यूरोपीय संघ | 15.3 | 14.6 | 14.7 | 12.7 |
| फ्रांस | 2.3 | 2.5 | 1.1 | 0.9 |
| जर्मनी | 4.1 | 3.9 | 3.9 | 3.4 |
| ब्रिटेन | 2.2 | 2.0 | 2.2 | 1.9 |
| उत्तर अमेरीका | 7.3 | 9.1 | 6.8 | 6.6 |
| यू.एस.ए. | 6.3 | 8.4 | 5.9 | 5.9 |
| एशिया और ओसेनिया | 6.4 | 5.8 | 6.5 | 5.8 |
| आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश | 5.5 | 5.2 | 5.9 | 5.1 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यात देशों का संगठन** | **30.2** | **30.3** | **30.6** | **35.6** |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **2.7** | **2.1** | **1.7** | **2.3** |
| **IV. विकासशील देश** | **32.2** | **32.1** | **33.6** | **31.4** |
| एशिया | 25.5 | 25.5 | 27.2 | 25.3 |
| दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ | 0.8 | 0.8 | 0.8 | 0.6 |
| अन्य एशियाई विकासशील देश | 24.7 | 24.7 | 26.4 | 24.7 |
| *जिसमें से:* | | | | |
| चीन गणराज्य | 9.4 | 10.8 | 11.6 | 10.0 |
| अफ्रीका | 3.7 | 4.1 | 4.0 | 4.3 |
| लैटिन अमरीकी देश | 3.0 | 2.4 | 2.3 | 1.8 |
| **कुल आयात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |


**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से संकलित।

## विश्व व्यापार

विश्व व्यापार संगठन की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, विश्व व्यापार में 2009 के दौरान मात्रा के रूप में 9 प्रतिशत तक की गिरावट आएगी। यह 2007 के 6 प्रतिशत और 2008 के 2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में दूसरे विश्व युद्ध के बाद की सबसे बड़ी गिरावट है। 2009 के दौरान विकसित अर्थव्यवस्थाओं के निर्यात में औसतन 10 प्रतिशत की गिरावट की आशा है और विकासशील देशों का निर्यात 2-3 प्रतिशत घट जाने की आशा है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी (आइएफएस) के अनुसार डॉलर के रूप में विश्व पण्य निर्यात जिसमें जनवरी-सितंबर के दौरान

**चार्ट 2: वैश्विक निर्यात वृद्धि की मासिक प्रवृत्ति - 2008**




औसतन 22.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी अक्तूबर 2008 में गिरकर 2.7 प्रतिशत रह गया। उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थों से निर्यात में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हो गई, जबकि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में अक्तूबर 2008 में गिरावट (-1.4 प्रतिशत) दर्ज की गई (चार्ट 2)। फिर भी, जनवरी-अक्तूबर 2008 के दौरान समग्र निर्यात में एक वर्ष पूर्व के 14.8 प्रतिशत की तुलना में 20.3 प्रतिशत की उच्चतर वृद्धि दर्ज की गई। इसका प्रमुख कारण 2008 की पहली छमाही में रिकॉर्ड की गई उच्च निर्यात वृद्धि है (सारणी 7)।

## पण्य मूल्य

विश्व पण्य मूल्यों ने अधोमुखी प्रवृत्ति बनी रही। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी (आइएफएस) के अनुसार, विश्व पण्य मूल्यों में जिनमें अगस्त 2008 से गिरावट आ रही थी, दिसंबर 2008 में 36.5 प्रतिशत की भारी गिर गई। यह गिरावट ऊर्जा, धातु और खाद्य मूल्यों में दिखाई गई। ऊर्जा के मूल्यों में 42.7 प्रतिशत

**सारणी 7: निर्यात में वृद्धि : वैश्विक परिदृश्य**


(प्रतिशत)

| क्षेत्र / देश | 2006 | 2007 | 2007 | 2008 |
|---|---|---|---|---|
| | जनवरी-दिसंबर | | जनवरी -नवंबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **विश्व** | **16.1** | **14.0** | **15.3** | **16.9** |
| **औद्योगिक देश** | **12.6** | **13.4** | **13.8** | **13.2** |
| यू.एस | 14.5 | 12.0 | 11.9 | 14.1 |
| फ्रांस | 10.1 | 12.3 | 12.4 | 12.7 |
| जर्मनी | 14.7 | 18.4 | 19.2 | 12.6 |
| जापान | 9.2 | 7.8 | 8.9 | 14.0 |
| **उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं** | **22.8** | **15.1** | **17.4@** | **26.2@** |
| सिंगापुर | 18.4 | 10.1 | 9.8 | 16.3 |
| चीन | 27.2 | 25.6 | 26.5 @ | 22.0 @ |
| भारत | 21.4 | 21.5 | 21.6 | 23.0 |
| इंडोनेशिया | 19.0 | 14.7 | 15.3 | 25.5 |
| कोरिया | 14.4 | 14.1 | 14.1 | 20.1 |
| मलेशिया | 14.0 | 9.6 | 9.6 | 16.3 |
| थाईलैंड | 18.7 | 17.0 | 16.5 | 23.1 |

@ जनवरी-अक्तूबर 2008 से संबंधित है।
**स्रोत :** 1. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (www.imfstatistics.org)
2. वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

की गिरावट आई और धातुओं के मूल्यों में 36.4 प्रतिशत तथा खाद्य मूल्यों में 18.4 प्रतिशत की गिरावट आई (चार्ट 3)।

**चार्ट 3:वैश्विक पण्य मूल्य**
**(आधार:2000=100)**




**स्रोत:** विश्व पण्य मूल्य सूचकांक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (www.imfstatistics.org)

| विवरण 1: भारत का विदेश व्यापार - जनवरी 2009 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 48,357<br>(18.8) | 6,334<br>(14.3) | 42,022<br>(19.5) | 60,992<br>(6.5) | 16,659<br>(-10.0) | 44,333<br>(14.4) | -12,636 | -10,325 | -2,311 |
| 2007-08 सं | 57,948<br>(19.8) | 9,425<br>(48.8) | 48,523<br>(15.5) | 88,852<br>(45.7) | 33,487<br>(101.0) | 55,365<br>(24.9) | -30,904 | -24,062 | -6,842 |
| 2008-09 अ | 60,460<br>(4.3) | .. | .. | 90,125<br>(1.4) | 21,796<br>(-34.9) | 68,329<br>(23.4) | -29,665 | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 10,908<br>(19.0) | 1,429<br>(14.4) | 9,479<br>(19.7) | 13,758<br>(6.7) | 3,758<br>(-9.8) | 10,000<br>(14.6) | -2,850 | -2,329 | -521 |
| 2007-08 सं | 14,717<br>(34.9) | 2,394<br>(67.5) | 12,324<br>(30.0) | 22,566<br>(64.0) | 8,505<br>(126.3) | 14,061<br>(40.6) | -7,849<br>(175.4) | -6,111 | -1,738 |
| 2008-09 अ | 12,381<br>(-15.9) | .. | .. | 18,455<br>(-18.2) | 4,463<br>(-47.5) | 13,992<br>(-0.5) | -6,075<br>(-22.6) | | |
| **मिलियन एस डी आर** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 7,294<br>(15.1) | 955<br>(10.7) | 6,338<br>(15.8) | 9,200<br>(3.2) | 2,513<br>(-12.8) | 6,687<br>(10.8) | -1,906 | -1,557 | -349 |
| 2007-08 सं | 9,292<br>(27.4) | 1,511<br>(58.2) | 7,781<br>(22.8) | 14,247<br>(54.9) | 5,370<br>(113.7) | 8,878<br>(32.8) | -4,955 | -3,858 | -1,097 |
| 2008-09 अ | 8,200<br>(-11.8) | .. | .. | 12,223<br>(-14.2) | 2,956<br>(-44.9) | 9,267<br>(4.4) | -4,023 | | |

अः अनंतिम। सं: संशोधित। .. : अनुलपब्ध।

**टिप्पणी :** कोष्ठकों के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

**विवरण 2: भारत का विदेश व्यापार**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **अप्रैल-मार्च** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 456,418<br>(21.6) | 51,533<br>(64.1) | 404,885<br>(17.7) | 660,409<br>(31.8) | 194,640<br>(45.2) | 465,769<br>(26.9) | -203,991 | -143,107 | -60,884 |
| 2006-07 सं. | 571,779<br>(25.3) | 84,520<br>(64.0) | 487,259<br>(20.3) | 840,506<br>(27.3) | 258,572<br>(32.8) | 581,935<br>(24.9) | -268,727 | -174,052 | -94,675 |
| 2007-08 अ | 655,864<br>(14.7) | 114,192<br>(35.1) | 541,672<br>(11.2) | 1,012,312<br>(20.4) | 320,655<br>(24.0) | 691,657<br>(18.9) | -356,448 | -206,463 | -149,985 |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 103,091<br>(23.4) | 11,640<br>(66.5) | 91,451<br>(19.5) | 149,166<br>(33.8) | 43,963<br>(47.3) | 105,203<br>(28.8) | -46,075 | -32,323 | -13,752 |
| 2006-07 सं. | 126,361<br>(22.6) | 18,679<br>(60.5) | 107,683<br>(17.7) | 185,749<br>(24.5) | 57,144<br>(30.0) | 128,606<br>(22.2) | -59,388 | -38,465 | -20,923 |
| 2007-08 अ | 162,904<br>(28.9) | 28,363<br>(51.8) | 134,541<br>(24.9) | 251,439<br>(35.4) | 79,645<br>(39.4) | 171,795<br>(33.6) | -88,535 | -51,281 | -37,254 |
| **मिलियन एस डी आर** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 70,774<br>(26.2) | 7,991<br>(70.3) | 62,783<br>(22.2) | 102,405<br>(36.8) | 30,182<br>(50.6) | 72,224<br>(31.7) | -31,632 | -22,191 | -9,441 |
| 2006-07 सं. | 85,018<br>(20.1) | 12,567<br>(57.3) | 72,451<br>(15.4) | 124,975<br>(22.0) | 38,447<br>(27.4) | 86,528<br>(19.8) | -39,957 | -25,880 | -14,077 |
| 2007-08 अ | 104,686<br>(23.1) | 18,227<br>(45.0) | 86,459<br>(19.3) | 161,581<br>(29.3) | 51,181<br>(33.1) | 110,399<br>(27.6) | -56,895 | -32,955 | -23,940 |
| **अप्रैल-जनवरी** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 466,580<br>(27.9) | 71,663<br>(71.3) | 394,918<br>(22.3) | 674,516<br>(25.0) | 216,749<br>(-86.3) | 457,766<br>(-144.1) | -207,935 | -145,087 | -62,849 |
| 2007-08 सं. | 512,945<br>(9.9) | 88,344<br>(23.3) | 424,601<br>(7.5) | 782,297<br>(16.0) | 253,385<br>(16.9) | 528,912<br>(15.5) | -269,352 | -165,040 | -104,312 |
| 2008-09 अ | 645,572<br>(25.9) | .. | .. | 1,090,182<br>(39.4) | 370,664<br>(46.3) | 719,518<br>(36.0) | -444,610 | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 102,588<br>(24.4) | 15,757<br>(66.7) | 86,831<br>(19.0) | 148,307<br>(21.6) | 47,657<br>(-86.6) | 100,650<br>(-142.9) | -45,719 | -31,901 | -13,819 |
| 2007-08 सं. | 127,269<br>(24.1) | 21,920<br>(39.1) | 105,350<br>(21.3) | 194,099<br>(30.9) | 62,868<br>(31.9) | 131,231<br>(30.4) | -66,830<br>(46.2) | -40,949 | -25,881 |
| 2008-09 अ | 143,006<br>(12.4) | 21600*<br>(25.3) | 96659*<br>(16.0) | 241,495<br>(24.4) | 82,109<br>(30.6) | 159,387<br>(21.5) | -98,489<br>(47.4) | | |
| **मिलियन एस डी आर** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 69,167<br>(22.5) | 10,623<br>(64.2) | 58,544<br>(17.1) | 99,992<br>(19.7) | 32,131<br>(-86.8) | 67,860<br>(-142.3) | -30,825 | -21,508 | -9,317 |
| 2007-08 सं. | 82,348<br>(19.1) | 14,183<br>(33.5) | 68,166<br>(16.4) | 125,590<br>(25.6) | 40,678<br>(26.6) | 84,912<br>(25.1) | -43,242 | -26,496 | -16,746 |
| 2008-09 अ | 91,422<br>(11.0) | .. | .. | 154,385<br>(22.9) | 52,491<br>(29.0) | 101,894<br>(20.0) | -62,963 | | |

अः अनंतिम।  सं.: संशोधित।  .. : अनुपलब्ध।  * : आंकड़े अप्रैल-नवंबर से संबंधित हैं।

**टिप्पणी** : 1. कोष्ठक के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं।
2. आंकड़ों का परिवर्तन आवधिक औसत विनिमय दर का उपयोग कर के किया गया है।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 3: भारत के निर्यात की प्रमुख वस्तुएं

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु / वस्तु समूह | अप्रैल-नवंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **11,521.3** | **15,184.7** | **17,630.5** | 31.8 | 16.1 |
| | **14.3** | **15.1** | **14.9** | | |
| **अ. कृषि तथा संबंद्ध उत्पाद** | **7,518.1** | **10,186.8** | **12,575.1** | 35.5 | 23.4 |
| *जिसमें से:* | **9.3** | **10.1** | **10.6** | 8.8 | 5.0 |
| 1. चाय | 320.5 | 330.2 | 411.6 | 3.0 | 24.7 |
| 2. कॉफी | 289.6 | 271.9 | 355.9 | -6.1 | 30.9 |
| 3. चावल | 976.9 | 1,613.1 | 1,655.2 | 65.1 | 2.6 |
| 4. गेहूँ | 7.4 | 0.1 | 0.1 | -99.3 | 83.2 |
| 5. अपशिष्ट सहित कच्ची रुई | 493.2 | 627.5 | 452.0 | 27.2 | -28.0 |
| 6. तंबाकू | 242.5 | 321.8 | 496.1 | 32.7 | 54.2 |
| 7. सीएनएसएल सहित काजू | 366.7 | 352.0 | 477.9 | -4.0 | 35.7 |
| 8. मसाले | 428.4 | 858.2 | 968.1 | 100.3 | 12.8 |
| 9. खली | 561.2 | 793.5 | 1,535.0 | 41.4 | 93.5 |
| 10. समुद्री उत्पाद | 1,116.3 | 1,273.3 | 1,121.5 | 14.1 | -11.9 |
| 11. चीनी और खंड़सारी | 540.2 | 792.9 | 970.5 | 46.8 | 22.4 |
| **आ. अयस्क और खनिज** | **4,003.1** | **4,997.9** | **5,055.5** | 24.8 | 1.2 |
| *जिसमें से:* | **5.0** | **5.0** | **4.3** | | |
| 1. लौह अयस्क | 2,185.2 | 2,844.5 | 2,714.5 | 30.2 | -4.6 |
| 2. प्रसंस्कृत खनिज | 848.9 | 817.9 | 1,013.2 | -3.6 | 23.9 |
| **II. विनिर्मित वस्तुएं** | **54,299.9** | **65,447.9** | **76,476.4** | 20.5 | 16.9 |
| *जिसमें से:* | **67.2** | **65.1** | **64.7** | | |
| **अ. चमड़ा और उससे बनी वस्तुएं** | **1,953.4** | **2,273.4** | **2,469.4** | 16.4 | 8.6 |
| **आ. रसायन और संबद्ध उत्पाद** | **11,116.7** | **13,132.5** | **15,557.7** | 18.1 | 18.5 |
| 1. मूल रसायन, भेषज वस्तुएं और प्रसाधन सामग्री | 6,940.5 | 8,548.2 | 10,455.9 | 23.2 | 22.3 |
| 2. प्लास्टिक और लिनोलियम | 2,161.6 | 2,144.1 | 2,217.0 | -0.8 | 3.4 |
| 3. रबड़, कांच, पेंट और एनामेल आदि | 1,545.7 | 1,862.2 | 2,075.6 | 20.5 | 11.5 |
| 4. अवशिष्ट रसायन और संबद्ध उत्पाद | 468.9 | 578.0 | 809.2 | 23.3 | 40.0 |
| **इ. इंजीनियरिंग वस्तुएं** | **18,638.3** | **23,066.5** | **30,582.7** | 23.8 | 32.6 |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. धातुओं से विनिर्मित | 3,229.1 | 4,293.7 | 5,187.4 | 33.0 | 20.8 |
| 2. मशीन और उपकरण | 4,317.9 | 5,615.7 | 7,045.2 | 30.1 | 25.5 |
| 3. परिवहन उपस्कर | 2,972.4 | 4,133.4 | 6,987.7 | 39.1 | 69.1 |
| 4. लोहा और इस्पात | 3,387.8 | 3,490.4 | 4,549.7 | 3.0 | 30.3 |
| 5. इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 1,863.7 | 2,103.7 | 2,969.8 | 12.9 | 41.2 |
| **ई. वस्त्र और वस्त्र से बने उत्पाद** | **11,182.2** | **12,454.6** | **12,908.3** | 11.4 | 3.6 |
| 1. सूती धागा, कपड़ा उससे बनी वस्तुएं आदि | 2,770.6 | 2,967.8 | 2,952.3 | 7.1 | -0.5 |
| 2. प्राकृतिक रेशमी धागा, कपड़ा से बनी वस्तुएं (सिल्क अपशिष्ट सहित) | 294.2 | 250.0 | 254.2 | -15.0 | 1.7 |
| 3. कृत्रिम धागा,कपड़ा उसे बनी तैयार वस्तुएं आदि | 1,411.0 | 1,896.8 | 2,152.4 | 34.4 | 13.5 |
| 4. मानव निर्मित स्टेपल फाइबर | 111.8 | 162.2 | 195.7 | 45.1 | 20.7 |
| 5. ऊनी धागा,कपड़ा, उससे बनी तैयार वस्तुएं आदि | 56.2 | 57.0 | 68.4 | 1.4 | 20.0 |
| 6. तैयार कपड़े | 5,640.8 | 6,159.5 | 6,419.7 | 9.2 | 4.2 |
| 7. जूट और जूट से विनिर्मित वस्तुएं | 198.3 | 217.4 | 228.5 | 9.7 | 5.1 |
| 8. कॉयर और कॉयर उत्पाद | 91.1 | 104.0 | 99.2 | 14.1 | -4.6 |
| 9. कार्पेट | 608.2 | 640.0 | 537.8 | 5.2 | -16.0 |
| (क) हस्त निर्मित कार्पेट | 592.5 | 628.6 | 531.8 | 6.1 | -15.4 |
| (ख) मिल में निर्मित कार्पेट | 0.0 | 0.0 | 0.0 | – | – |
| (ग) रेशमी कार्पेट | 15.7 | 11.4 | 5.9 | -27.3 | -48.0 |
| **उ रत्न और आभूषण** | **10,358.9** | **13,263.2** | **13,659.3** | **28.0** | **3.0** |
| **ऊ हस्त शिल्प** | **303.6** | **398.7** | **228.3** | **31.3** | **-42.7** |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **12,827.8** | **17,244.3** | **21,600.2** | **34.4** | **25.3** |
| | **(15.9)** | **(17.1)** | **(18.3)** | **(7.9)** | **(6.5)** |
| **IV. अन्य** | **2,110.9** | **2,709.4** | **2,552.6** | **28.4** | **-5.8** |
| | **2.6** | **2.7** | **2.2** | | |
| **कुल निर्यात** | **80,759.9** | **100,586.3** | **118,259.7** | **24.5** | **17.6** |

अः अनंतिम

**टिप्पणी** : कोष्ठकों के आंकड़े, उस अवधि में, कुल निर्यात के प्रतिशत से संबंधित है।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 4: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| देश समूह / देश | अप्रैल-नवंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **33,907.6** | **40,941.8** | **45,228.8** | **20.7** | **10.5** |
| **अ यूरोपीय संघ** | **16,827.7** | **21,784.3** | **25,429.3** | **29.5** | **16.7** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 2,138.6 | 2,714.8 | 3,227.8 | 26.9 | 18.9 |
| 2. फ्रांस | 1,350.0 | 1,598.8 | 1,870.3 | 18.4 | 17.0 |
| 3. जर्मनी | 2,495.0 | 3,227.7 | 3,870.6 | 29.4 | 19.9 |
| 4. इटली | 2,241.6 | 2,491.8 | 2,542.9 | 11.2 | 2.0 |
| 5. नीदरलैंड | 1,553.1 | 3,156.6 | 4,261.2 | 103.2 | 35.0 |
| 6. यूके | 3,581.6 | 4,389.0 | 4,276.0 | 22.5 | -2.6 |
| **आ उत्तरी अमरीका** | **13,154.5** | **14,494.0** | **14,939.6** | **10.2** | **3.1** |
| 1. कनाडा | 733.5 | 809.4 | 892.8 | 10.3 | 10.3 |
| 2. यू एस ए | 12,421.05 | 13,684.61 | 14,046.83 | 10.2 | 2.6 |
| **इ एशिया और ओशेनिया** | **2,794.3** | **3,020.6** | **3,053.0** | **8.1** | **1.1** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 595.5 | 764.8 | 883.5 | 28.4 | 15.5 |
| 2. जापान | 1,739.6 | 2,164.4 | 2,032.6 | 24.4 | -6.1 |
| **ई आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **1,131.2** | **1,643.0** | **1,806.9** | **45.2** | **10.0** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. स्विट्जरलैंड | 275.1 | 386.3 | 461.9 | 40.4 | 19.6 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **13,782.0** | **17,221.7** | **23,630.4** | **25.0** | **37.2** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 1,187.3 | 1,159.6 | 1,742.7 | -2.3 | 50.3 |
| 2. ईरान | 1,094.8 | 1,548.3 | 1,756.0 | 41.4 | 13.4 |
| 3. इराक | 124.8 | 144.0 | 251.7 | 15.3 | 74.8 |
| 4. कुवैत | 415.5 | 418.2 | 555.0 | 0.6 | 32.7 |
| 5. सऊदी अरब | 1,631.0 | 2,181.8 | 3,839.4 | 33.8 | 76.0 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 8,011.7 | 10,087.9 | 13,290.6 | 25.9 | 31.7 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **984.7** | **1,119.2** | **1,425.8** | **13.7** | **27.4** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1 रूस | 563.3 | 580.0 | 733.9 | 3.0 | 26.5 |
| **IV. विकासशील देश** | **31,910.8** | **40,964.3** | **47,191.1** | **28.4** | **15.2** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **23,769.8** | **30,007.3** | **34,307.6** | **26.2** | **14.3** |
| **क दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **4,202.9** | **5,287.0** | **6,004.7** | **25.8** | **13.6** |
| 1. अफगानिस्तान | 108.5 | 161.4 | 250.3 | 48.8 | 55.1 |
| 2. बांग्लादेश | 1,066.5 | 1,431.3 | 1,755.6 | 34.2 | 22.7 |
| 3. भूटान | 33.2 | 56.0 | 74.3 | - | 32.6 |
| 4. मालदीव | 44.1 | 56.0 | 72.5 | 26.8 | 29.4 |
| 5. नेपाल | 638.8 | 868.9 | 1,045.7 | 36.0 | 20.3 |
| 6. पाकिस्तान | 871.0 | 1,014.6 | 977.8 | 16.5 | -3.6 |
| 7 श्रीलंका | 1,440.7 | 1,698.8 | 1,828.5 | 17.9 | 7.6 |
| **ख अन्य एशियाई विकासशील देश** | **19,566.9** | **24,720.2** | **28,302.9** | **26.3** | **14.5** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 4,754.2 | 5,916.6 | 5,210.8 | 24.4 | -11.9 |
| 2. हांगकांग | 2,929.2 | 3,949.7 | 4,489.0 | 34.8 | 13.7 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 1,535.6 | 1,513.6 | 2,484.1 | -1.4 | 64.1 |
| 4. मलेशिया | 848.7 | 1,415.9 | 1,867.6 | 66.8 | 31.9 |
| 5. सिंगापुर | 4,176.2 | 4,472.3 | 5,989.0 | 7.1 | 33.9 |
| 6. थाइलैंड | 890.0 | 1,141.7 | 1,333.8 | 28.3 | 16.8 |
| **आ. अफ्रीका** | **5,561.5** | **7,788.5** | **8,369.1** | **40.0** | **7.5** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेनिन | 99.6 | 147.6 | 137.0 | 48.1 | -7.2 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 436.9 | 841.6 | 1,220.6 | 92.6 | 45.0 |
| 3. केन्या | 958.3 | 879.9 | 1,013.8 | -8.2 | 15.2 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 1,501.2 | 1,620.9 | 1,385.3 | 8.0 | -14.5 |
| 5. सूडान | 267.9 | 251.0 | 296.1 | -6.3 | 17.9 |
| 6. तंजानिया | 191.9 | 360.9 | 750.7 | 88.1 | 108.0 |
| 7. जांबिया | 73.9 | 100.3 | 71.7 | 35.8 | -28.5 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **2,579.5** | **3,168.6** | **4,514.4** | **22.8** | **42.5** |
| **V. अन्य** | **79.2** | **200.3** | **357.9** | **152.8** | **78.7** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **95.6** | **139.0** | **425.7** | **45.4** | **206.3** |
| **कुल निर्यात** | **80,759.9** | **100,586.3** | **118,259.7** | **24.5** | **17.6** |

अ: अनंतिम।

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

**विवरण 5: भारत के आयात की प्रमुख वस्तुएं**

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु /समूह | अप्रैल-नवंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. थोक आयात** | **56,472.3** | **69,650.3** | **107,562.9** | 23.3 | 54.4 |
| | **(47.3)** | **(45.4)** | **(51.6)** | | |
| **अ. पेट्रोलियम, पेट्रोलियम के उत्पाद और संबद्ध वस्तुएं** | **39,418.55** | **47,617.23** | **75,612.67** | 20.8 | 58.8 |
| | **(33.0)** | **(31.0)** | **(36.2)** | | |
| **आ. थोक उपभोग वस्तुएं** | **2,336.1** | **3,021.7** | **2,924.1** | 29.3 | -3.2 |
| 1. गेहूँ | 265.3 | 269.1 | 0.0 | 1.4 | -100.0 |
| 2. अनाज और अनाज से निर्मित पदार्थ | 23.7 | 25.1 | 29.2 | 6.3 | 16.0 |
| 3. खाद्य तेल | 1,522.5 | 1,863.7 | 2,051.2 | 22.4 | 10.1 |
| 4. दालें | 523.9 | 863.2 | 836.7 | 64.8 | -3.1 |
| 5. चीनी | 0.7 | 0.5 | 7.1 | -29.9 | 1,373.7 |
| **इ अन्य थोक मदें** | **14,717.7** | **19,011.4** | **29,026.1** | 29.2 | 52.7 |
| 1. उर्वरक | 2,338.6 | 3,603.0 | 11,370.4 | 54.1 | 215.6 |
| क) कच्चा तेल | 237.3 | 280.4 | 726.4 | 18.2 | 159.0 |
| ख) सल्फर और अनरोस्टेड आयरन पाइराइट्स | 69.2 | 160.1 | 622.2 | 131.5 | 288.6 |
| ग) विनिर्मित वस्तुएँ | 2,032.2 | 3,162.4 | 10,021.8 | 55.6 | 216.9 |
| 2. अलौह धातुएं | 1,696.4 | 2,286.8 | 2,288.2 | 34.8 | 0.1 |
| 3. कागज, पेपर बोर्ड और न्यूजप्रिंट सहित विनिर्मित वस्तुएं | 857.9 | 948.8 | 1,322.3 | 10.6 | 39.4 |
| 4. कच्चा रबड़, कृत्रिम और द्वितीय श्रेणी उत्पाद सहित | 390.1 | 503.6 | 734.9 | 29.1 | 45.9 |
| 5. लुगदी और रद्दी कागज | 413.3 | 522.2 | 577.3 | 26.3 | 10.5 |
| 6. धात्विक अयस्क और धातु स्क्रैप | 4,969.0 | 5,239.2 | 5,937.5 | 5.4 | 13.3 |
| 7. लोहा और इस्पात | 4,052.5 | 5,907.7 | 6,795.5 | 45.8 | 15.0 |
| **II. थोक से इतर आयात** | **63,014.3** | **83,845.7** | **101,082.5** | 33.1 | 20.6 |
| | **(52.7)** | **(54.6)** | **(48.4)** | | |
| **अ पूंजीगत वस्तुएं** | **27,211.2** | **36,574.9** | **40,586.4** | 34.4 | 11.0 |
| 1. धातु से निर्मित | 967.7 | 1,528.9 | 2,153.3 | 58.0 | 40.8 |
| 2. मशीन औजार | 946.0 | 1,380.6 | 1,629.8 | 45.9 | 18.0 |
| 3. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर मशीनरी | 8,678.0 | 12,090.5 | 14,217.6 | 39.3 | 17.6 |
| 4. इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर इलेक्ट्रिकल मशीनरी | 1,279.6 | 1,864.1 | 2,212.2 | 45.7 | 18.7 |
| 5. कप्यूटर सॉफ्टवेयर सहित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 11,189.3 | 14,499.0 | 13,585.1 | 29.6 | -6.3 |
| 6. परिवहन के उपस्कर | 2,922.6 | 4,370.4 | 4,755.0 | 49.5 | 8.8 |
| 7. परियोजना वस्तुएं | 1,228.1 | 841.3 | 2,033.5 | -31.5 | 141.7 |
| **आ मुख्यत: निर्यात से संबधित मदें** | **12,025.3** | **14,639.9** | **22,188.4** | 21.7 | 51.6 |
| 1. मोती, मूल्यवान और कम-मूल्यवान रत्न | 5,007.0 | 6,133.9 | 10,635.1 | 22.5 | 73.4 |
| 2. रसायन, आर्गेनिक और इनआर्गेनिक | 5,229.9 | 6,566.0 | 9,464.4 | 25.5 | 44.1 |
| 3. टेक्सटाइल यार्न, फैब्रिक आदि | 1,492.4 | 1,666.5 | 1,657.8 | 11.7 | -0.5 |
| 4. काजू, कच्चा | 296.1 | 273.6 | 431.2 | -7.6 | 57.6 |
| **ग. अन्य** | **23,777.8** | **32,630.9** | **38,307.6** | 37.2 | 17.4 |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. सोना और चांदी | 9,644.3 | 13,605.9 | 12,956.5 | 41.1 | -4.8 |
| 2. कृत्रिम रेजिन और प्लास्टिक वस्तुएं | 1,733.8 | 2,413.3 | 2,663.8 | 39.2 | 10.4 |
| 3. इलेक्ट्रिकल को छोड़कर व्यावसायिक उपकरण | 1,509.1 | 1,990.1 | 2,513.4 | 31.9 | 26.3 |
| 4. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 2,959.7 | 4,053.9 | 7,579.5 | 37.0 | 87.0 |
| 5. औषधीय और भेषज उत्पाद | 783.4 | 1,119.1 | 1,189.8 | 42.8 | 6.3 |
| 6. रासायनिक सामग्री और उत्पाद | 925.0 | 1,051.5 | 1,402.6 | 13.7 | 33.4 |
| 7. अधात्विक खनिज विनिर्माण | 512.5 | 670.2 | 824.0 | 30.8 | 22.9 |
| **कुल आयात** | **119,486.7** | **153,496.0** | **208,645.3** | 28.5 | 35.9 |
| ज्ञापन मदें | | | | | |
| **तेल से इतर आयात** | **80,068.1** | **105,878.8** | **133,032.7** | **32.2** | **25.6** |
| **सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात** | **70,423.8** | **92,273.0** | **120,076.1** | **31.0** | **30.1** |
| **मुख्यत औद्योगिक निविष्टयां*** | **64,546.4** | **84,098.8** | **104,616.9** | **30.3** | **24.4** |

अ : अनंतिम।

* : सोने और चांदी, थोक उपभोग की वस्तुएं, विनिर्मित उर्वरक और व्यावसायिक उपकरण को घटाकर तेल से इतर आयात।

**टिप्पणी** : कोष्ठक के आंकड़े उस अवधि में कुल आयात के प्रतिशत से संबंधित है।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 6: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| देश समूह / देश | अप्रैल-नवंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2006-07 | 2007-08 | 2008-09 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **39,481.2** | **51,952.2** | **63,014.8** | **31.6** | **21.3** |
| **अ यूरोपीय संघ** | **17,661.9** | **22,567.9** | **26,452.6** | **27.8** | **17.2** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 2,709.0 | 3,429.1 | 4,532.5 | 26.6 | 32.2 |
| 2. फ्रांस | 1,445.3 | 1,704.3 | 1,849.6 | 17.9 | 8.5 |
| 3. जर्मनी | 4,860.5 | 6,060.6 | 7,036.2 | 24.7 | 16.1 |
| 4. इटली | 1,672.1 | 2,473.3 | 3,029.5 | 47.9 | 22.5 |
| 5. नीदरलैंड | 715.3 | 1,081.4 | 1,139.6 | 51.2 | 5.4 |
| 6. यूके | 2,683.1 | 3,418.0 | 3,872.2 | 27.4 | 13.3 |
| **आ उत्तरी अमरीका** | **7,772.9** | **10,365.4** | **13,837.2** | **33.4** | **33.5** |
| 1. कनाडा | 890.1 | 1,279.6 | 1,486.1 | 43.8 | 16.1 |
| 2. यू एस ए | 6,882.78 | 9,085.80 | 12,351.02 | 32.0 | 35.9 |
| **इ एशिया और ओशेनिया** | **7,684.3** | **9,906.5** | **12,049.3** | **28.9** | **21.6** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 4,630.3 | 5,540.3 | 6,637.2 | 19.7 | 19.8 |
| 2. जापान | 2,868.4 | 4,149.8 | 5,098.0 | 44.7 | 22.8 |
| **ई आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **6,362.1** | **9,112.4** | **10,675.8** | **43.2** | **17.2** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. स्विट्जरलैंड | 5,798.0 | 7,434.6 | 8,736.6 | 28.2 | 17.5 |
| **पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **37,820.9** | **46,979.8** | **74,379.8** | **24.2** | **58.3** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 2,355.2 | 3,119.7 | 4,412.1 | 32.5 | 41.4 |
| 2. ईरान | 5,011.4 | 6,694.8 | 9,551.5 | 33.6 | 42.7 |
| 3. इराक | 3,992.8 | 3,897.2 | 6,566.5 | -2.4 | 68.5 |
| 4. कुवैत | 3,960.2 | 4,047.0 | 7,392.8 | 2.2 | 82.7 |
| 5. सऊदी अरब | 9,393.2 | 11,433.1 | 16,163.5 | 21.7 | 41.4 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 5,647.5 | 8,375.6 | 13,651.9 | 48.3 | 63.0 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **2,390.5** | **2,568.6** | **4,875.7** | **7.4** | **89.8** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1 रूस | 1,343.0 | 1,636.1 | 3,237.5 | 21.8 | 97.9 |
| **IV. विकासशील देश** | **39,258.7** | **51,530.6** | **65,459.7** | **31.3** | **27.0** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **31,541.7** | **41,790.7** | **52,885.0** | **32.5** | **26.5** |
| **क दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **1,014.3** | **1,221.4** | **1,264.4** | **20.4** | **3.5** |
| 1. अफगानिस्तान | 30.2 | 60.3 | 82.0 | 99.9 | 36.0 |
| 2. बांग्लादेश | 161.5 | 176.7 | 225.2 | 9.4 | 27.4 |
| 3. भूटान | 80.2 | 137.0 | 108.4 | 70.9 | -20.9 |
| 4. मालदीव | 2.2 | 2.7 | 2.2 | 20.5 | -18.1 |
| 5. नेपाल | 199.7 | 344.4 | 351.0 | 72.5 | 1.9 |
| 6. पाकिस्तान | 211.7 | 194.5 | 262.8 | -8.1 | 35.2 |
| 7 श्रीलंका | 328.8 | 305.8 | 232.8 | -7.0 | -23.9 |
| **ख अन्य एशियाई विकासशील देश** | **30,527.4** | **40,569.3** | **51,620.6** | **32.9** | **27.2** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 11,152.3 | 17,821.2 | 20,853.0 | 59.8 | 17.0 |
| 2. हांगकांग | 1,617.5 | 1,887.0 | 3,937.8 | 16.7 | 108.7 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 3,234.9 | 3,766.1 | 5,760.6 | 16.4 | 53.0 |
| 4. मलेशिया | 3,610.6 | 3,964.9 | 5,218.5 | 9.8 | 31.6 |
| 5. सिंगापुर | 3,722.8 | 5,107.3 | 5,103.5 | 37.2 | -0.1 |
| 6. थाईलैंड | 1,111.2 | 1,571.2 | 1,859.5 | 41.4 | 18.3 |
| **आ. अफ्रीका** | **4,569.5** | **6,176.7** | **8,887.6** | **35.2** | **43.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेनिन | 68.4 | 61.2 | 103.6 | -10.6 | 69.4 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 1,210.2 | 1,308.4 | 1,390.5 | 8.1 | 6.3 |
| 3. केन्या | 37.8 | 57.6 | 55.3 | 52.4 | -4.0 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 1,784.9 | 2,489.2 | 3,551.3 | 39.5 | 42.7 |
| 5. सूडान | 51.4 | 198.6 | 330.5 | 286.4 | 66.4 |
| 6. तंजानिया | 38.9 | 58.2 | 70.0 | 49.6 | 20.2 |
| 7. जांबिया | 73.4 | 65.6 | 59.7 | -10.7 | -9.0 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **3,147.5** | **3,563.1** | **3,687.0** | **13.2** | **3.5** |
| **V. अन्य** | **38.0** | **50.1** | **36.1** | **32.1** | **-28.0** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **497.5** | **414.7** | **879.3** | **-16.6** | **112.0** |
| **कुल आयात** | **119,486.7** | **153,496.0** | **208,645.3** | **28.5** | **35.9** |

अ: अनंतिम।

**नोट :** 2006-07 के आंकड़े जिसमें पेट्रोलियम आयात का देश वार वितरण शामिल हैं, पिछले वर्ष के आंकड़ो से पूर्णतः तुलनीय नहीं हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।